

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के बंगले पर दीप प्रज्जवलित करतीं महिलाएं.

**पीएम मोदी का जन्मदिवस**

# लाखों दीयों से रोशन हुआ शहर

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 17 सितंबर. राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया. जगह-जगह दीप प्रज्जवलित किए गए और केक काटे गए.**


रोशनपुरा पर आयोजित कार्यक्रम में गुफा मंदिर के महंत राम प्रवेशदास महाराज, विष्णु राजोरिया, कैलाश अग्रवाल एवं अन्य लोगों ने दीप प्रज्जवलित कर और केक काटकर पीएम मोदी का जन्मदिवस मनाया.





## सारंग ने जलाए दीये, लोगों ने किया रक्तदान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अपने निवास पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत 25 फीट ऊंचे दीप स्तंभ पर दीया जलाया. उनके निवास पर 9,125 दीप प्रज्ज्वलित कर पीएम मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई. साथ ही पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन पर केंद्रित सेवा और समर्पण के 25 वर्ष विशेष प्रदर्शनी लगाई गई. इसके साथ ही सम्पूर्ण नरेला क्षेत्र में सवा लाख दिए जलाये गये. मंत्री सारंग ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत ऐशबाग में आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों और कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया.



विधायक भगवानदास सबनानी ने पीएम मोदी के जन्मदिवस पर जवाहर चौक पर 1100 दीप और रोशनपुरा में दीप प्रज्ज्वलित किए. इस दौरान आतिशबाजी की गई.



## हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय में जलाए दीये

'सेवा संकल्प अभियान' के शुभारंभ अवसर पर हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय पर्यावास भवन, भोपाल में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन किया गया. कार्यक्रम में हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज चौरसिया, मुख्य संपदा अधिकारी सुनीता लाल सहित हाउसिंग बोर्ड के समस्त कर्मचारी-अधिकारी मौजूद थे.

### नगर में आज

**माह का प्रादर्श**

**समय-** सुबह 11 बजे से, **स्थान-** मानव संग्रहालय

**चित्र प्रदर्शनी**

**समय-** सुबह 11 बजे से, **स्थान-** जनजातीय संग्रहालय


### एक नजर में



## संतान सप्तमी पर शिव-पार्वती का किया पूजन

**भोपाल, 17 सितम्बर (नवभारत न्यूज).** बरखेड़ी स्थित जय मां कालका दरबार में संतान सप्तमी पर महिलाओं ने व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती का पूजन किया. संतान की सुख-समृद्धि और अच्छे भविष्य की कामना से महिलाओं ने मिट्टी से शिव-पार्वती की प्रतिमाएं बनाईं और उन्हें मंडप में स्थापित कर पूजा-अर्चना की. मंदिर की सेविका मोहिनी मालवीय ने बताया कि पूजन के दौरान माता गौरा को सुहाग की सामग्री चढ़ाई गई, जबकि भगवान शिव को नैवेद्य अर्पित किया गया. महिलाओं ने भजन-कीर्तन के साथ संतान सप्तमी की कथा सुनी. इसके बाद हवन और आरती की गई. पूजन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया. आयोजन में ममता यादव, सुषमा मालवीय, आरती रजक, ममता मालवीय, रचना यादव और उषा अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने हिस्सा लिया.

## अहंकार छोड़ आत्मदर्शन की ओर बढ़ें



**भोपाल,17 सितंबर.** विद्योदय तीर्थ मंदिर एमपी नगर में पर्युषण महापर्व के दौरान मार्दव धर्म की आराधना पर आयोजित धर्मसभा में आचार्य समयसागर महाराज ने कहा कि ज्ञान और उपलब्धियां तभी सार्थक हैं, जब व्यक्ति में विनम्रता बनी रहे. उन्होंने कहा कि ज्ञान बढ़ने के साथ यदि अहंकार भी बढ़ रहा है तो इससे आत्मिक विकास रुक जाता है.साधना का मकसद दूसरों को प्रभावित करना नहीं, बल्कि अपने भीतर बदलाव लाना है.

## शुद्ध हिंदी लेखन का अभ्यास कराया

**भोपाल 17 सितंबर(निज संवाददाता).** शामला हिल्स स्थित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में हिंदी पखवाड़ा के तहत हिंदीतर भाषियों के लिए श्रुतलेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई. संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में हुई प्रतियोगिता का उद्देश्य गैर-हिंदी भाषी प्रतिभागियों में हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने और शुद्ध लेखन का अभ्यास कराना रहा. प्रतियोगिता में संग्रहालय के कार्मिकों और अन्य प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया. प्रतिभागियों को हिंदी में सुनाए गए शब्दों और वाक्यों को लिखने का अभ्यास कराया गया. इसके जरिए उनके भाषा ज्ञान और लेखन क्षमता को परखा गया. प्रतियोगिता का संचालन संयोजक श्रीकांत गुप्ता और डॉ. प्रीतम चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ.

## छात्राओं ने रक्तदान शिविर में निभाई भूमिका

**संत नगर, 17 सितंबर.** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के लोक भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की स्वयंसेविकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उन्होंने आगंतुकों का मार्गदर्शन, पंजीयन तथा अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग कर शिविर को सुचारु बनाने में योगदान दिया. इस अवसर पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राहुल परिहार ने कॉलेज की एनएसएस टीम को उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए बधाई दी. महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने भी स्वयंसेविकाओं के सेवा कार्य की सराहना की.

## आयुर्वेद पीजी निबंध स्पर्धा के परिणाम घोषित

**भोपाल, 17 सितंबर.** उद्धवदास मेहता स्मृति एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पीजी निबंध प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किया गया. सचिव सौरभ मेहता के अनुसार प्रथम पुरस्कार वैद्य पवन त्रिपाठी, द्वितीय पुरस्कार मोहम्मद फैसल अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्था नई दिल्ली, तृतीय पुरस्कार पूजा सोलंकी खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल को दिया जाएगा.

## शिव प्रसाद को भारतीय टीम चयन की जिम्मेदारी

**भोपाल, 17 सितम्बर (खेल प्रतिनिधि).** मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक शिव कुमार प्रसाद को आईएसएफ जिम्नेसियाड-2026 के



लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम की चयन समिति में शामिल किया गया है. वे 6 और 7 अक्टूबर को गोवा में होने वाले अंडर-18 बालक-बालिका चयन ट्रायल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर टीम चयन की प्रक्रिया का हिस्सा रहेंगे. भारतीय टीम को दिसंबर में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाली प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा. स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (एसजीएफआई) ने 12 सितंबर को जारी पत्र में उन्हें चयन समिति का सदस्य नामित किया है. ट्रायल अटल स्टेडियम, गुजीरा, बम्बोलिम में होंगे.

# सृष्टि के पहले शिल्पकार को पूजा

**विश्वकर्मा जयंती :** बीएचईएल, उद्योगों में मशीनों और उपकरणों का किया पूजन

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 17 सितंबर. राजधानी में सृष्टि के पहले शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव गुरुवार को श्रद्धाभाव, धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज द्वारा भगवान की विश्वकर्मा की शोभायात्रा और कलश यात्रा निकाली गई और अपने आराध्य का पूजन-अर्चन किया गया. इधर भेल, उद्योगों, फैक्ट्रियों में भी मशीनों और उपकरणों का पूजन किया गया.**



## एसटीएम, सीआईएम की झांकी को पहला पुरस्कार



**भोपाल (बीएचईएल संवाददाता).** बीएचईएल, भोपाल में विश्वकर्मा जयंती पर विभिन्न विनिर्माण ब्लॉकों एवं एनेक्स में कर्मचारियों ने मशीनों एवं उपकरणों की पूजा-अर्चना और हवन किया. कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय ने झांकियों का अवलोकन किया तथा पूजा-अर्चना में भाग लिया. उन्होंने कि बीएचईएल के कर्मचारी हर चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. उन्होंने वार्षिक टर्नओवर लक्ष्य हासिल करने के लिए टीम भावना से कार्य करने का आह्वान किया. झांकी प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में एसटीएम और सीआईएम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. 5 एस श्रेणी में भी पुरस्कार प्रदान किए गए.

## कामगारों का सम्मान, नशामुक्ति का दिया संदेश



**भोपाल (निज संवाददाता).** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर नीलबड़ स्थित सुख-शांति भवन मेडिटेशन रिट्रीट सेंटर में करीब 150 कामगारों का सम्मान किया गया और नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया. कार्यक्रम में बीके नीता दीदी ने कहा कि जो हाथ समाज और शहर का निर्माण करते हैं, उनके जीवन में भी अच्छे संस्कार और सकारात्मक सोच का विकास जरूरी है. आर्किटेक्ट बीके दुर्गा ने कार्यक्षेत्र में तनाव और चुनौतियों के बीच मन को शांत रखने के अनुभव साझा किए. टाटा स्टील के सेवानिवृत्त सीनियर जनरल मैनेजर प्रभात ने भी आध्यात्मिकता को जीवन में संतुलन बनाए रखने में उपयोगी बताया. कामगारों को रामकुमार, बीके सोनम दीदी, बीके हेमा बहन ने भी संबोधित किया. बीके भारती बहन ने उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने और परिवार व समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई.

### राजधानी में गणेशोत्सव

## इतवारा में व्हेल मछली पर विराजे गणेश जी



**भोपाल, 17 सितंबर.** हिंदू मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति, इतवारा के अध्यक्ष कपिल यादव ने बताया कि इस बार गणेशोत्सव के 21वें वर्ष 45 फ़ीट की व्हेल मछली पर गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है. समिति इससे पहले नरसिंह अवतार, शिव अवतार और गणेशजी के अलग-अलग रूपों में प्रतिमाएं स्थापित कर चुकी है. समिति के पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया पर पुणे में देखी गई व्हेल आकार की गणेश प्रतिमा से प्रेरित होकर इस तरह की प्रतिमा बनवाने का फैसला लिया. समिति का उद्देश्य हर वर्ष गणेशजी के अलग-अलग रूपों के जरिए श्रद्धालुओं को आकर्षित करना और उत्सव को नए तरीके से मनाना है.उन्होंने बताया कि विशेष कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का सम्मान भी किया जाएगा.



## जुमेराती में शिव-पार्वती संग गजानन

**भोपाल, 17 सितंबर.** जुमेराती में श्री अष्टविनायक मित्र मंडल समिति ने इस बार गणेशोत्सव के 15वें वर्ष में शिव-पार्वती विवाह की थीम पर 15 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा स्थापित की. समिति अध्यक्ष प्रिंस जायसवाल ने बताया कि झांकी में पार्वती जी की शिवजी के लिए तपस्या, विवाह प्रस्ताव, आशीर्वाद समारोह से लेकर शिव-पार्वती विवाह तक के दृश्य दिखाए गए है. करीब 1.80 लाख रुपए से गणेश प्रतिमा तैयार हुई है, जबकि पूरी झांकी पर करीब 3 लाख रुपए खर्च हुए. समिति ने बताया कि इससे पहले शिव-पार्वती परिवार और उससे पहले विराट विष्णु अवतार की थीम पर प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं. उत्सव के दौरान धार्मिक कार्यक्रम, आकर्षक सजावट और दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है.





## 23वीं राज्य वुशु चैंपियनशिप शुरू

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 17 सितम्बर. टीटी नगर स्टेडियम के मार्शल आर्ट हॉल में 25वीं राज्य सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वुशु चैंपियनशिप शुरू हो गई.**

**प्रतियोगिता में अलग-अलग जिलों से शामिल हुए 750 खिलाड़ी**

तीन दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के अलग-अलग जिलों के करीब 750 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं. यहां खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर आगे होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए मध्यप्रदेश की टीम चुनी जाएगी. प्रतियोगिता में तीनों आयु वर्ग के खिलाड़ी अलग-अलग भार वर्गों में मुकाबले करेंगे. मुकाबलों के आधार पर खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा.

प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर प्रदर्शन दिखाने के साथ आगे टीम में जगह बनाने का मौका मिलेगा. उद्घाटन कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मौजूद रहे. उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ मुकाबले करने की बात कही.

## बॉक्सिंग में धीर ने जीता जोनल स्वर्ण पदक

**भोपाल.** रीवा में हुई सीबीएसई जोनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 में मप्र राज्य बॉक्सिंग एकेडमी के डे बोर्डिंग खिलाड़ी धीर अरुण भारद्वाज ने स्वर्ण पदक जीता. उन्होंने चारों मुकाबले जीतकर खिताब अपने नाम किया. फाइनल में धीर ने उदयपुर के खिलाड़ी को 5-0 से हराया. स्पर्धा में धीर ने शुरुआत प्री-क्वार्टर फाइनल से की, जहां उन्होंने जयपुर के खिलाड़ी को 5-0 से मात दी. क्वार्टर फाइनल में जेऐकेएस विद्यालय के खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला आरएससी के जरिए उनके पक्ष में रहा.

# तैराकी में दो डॉक्टरों ने जीते पदक

डॉ. विक्रम बाथम ने चार स्वर्ण और दो रजत पदक अपने नाम किए

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 17 सितम्बर. मप्र के दो वरिष्ठ डॉक्टरों ने राष्ट्रीय मास्टर तैराकी प्रतियोगिता में पदक जीतकर एशियन मास्टर स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई है.**

पूर्व संयुक्त संचालक, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा डॉ. केसी रायकर और कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के क्षेत्रीय उप संचालक डॉ. विक्रम बाथम ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में हुई 22वीं राष्ट्रीय मास्टर तैराकी प्रतियोगिता में प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता 11 से 13 सितंबर तक हुई थी. इसमें डॉ. रायकर ने 65-69 आयु वर्ग की चार स्पर्धाओं में हिस्सा लिया.



उन्होंने 100 और 200 मीटर बैकस्ट्रोक के साथ 200 और 400 मीटर फ्रीस्टाइल में पदक जीते. वहीं डॉ. बाथम ने 60-64 आयु वर्ग की छह स्पर्धाओं में हिस्सा लिया और चार स्वर्ण तथा दो रजत पदक अपने नाम किए. दोनों के प्रदर्शन के आधार पर स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एशियन मास्टर स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए उनका चयन किया है. प्रतियोगिता 3 से 10 अक्टूबर तक बेंगलुरु में होगी. डॉ. रायकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैराकी में हिस्सा ले चुके हैं.

**मार्गदर्शन** | डीजीपी मकवाणा ने 10 सहायक पुलिस अधीक्षकों से कहा -

# पुलिसकर्मियों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण दायित्व

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 17 सितंबर. हाल ही में प्रशिक्षण पूरा करने वाले 10 सहायक पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) अधिकारियों ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा से सौजन्य भेंट की. इस दौरान अधिकारियों ने पुलिस नेतृत्व, पर्यवेक्षण और मैदानी कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न विषयों पर डीजीपी से मार्गदर्शन प्राप्त किया.**



डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि एसडीओपी पुलिस व्यवस्था में प्रथम पर्यवेक्षण अधिकारी होते हैं और प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है. उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का निराकरण पुलिस की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए. शिकायतकर्ता की समस्या को प्रारंभिक स्तर पर ही समझकर उसके त्वरित निराकरण के प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि उसे समय पर राहत मिल सके.

उन्होंने कहा कि प्रभावी पर्यवेक्षण के साथ ईमानदारी और निष्पक्षता पुलिस नेतृत्व के लिए आवश्यक हैं. अधिकारियों को अधीनस्थों के कार्यों की नियमित समीक्षा करने के साथ उनकी समस्याओं को समझकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना चाहिए. उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों का मार्गदर्शन और सहयोग करना नेतृत्व का महत्वपूर्ण दायित्व है.

पुलिस थानों के निरीक्षण के संबंध में डीजीपी ने परिचालन संबंधी बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने, किसी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से हिरासत में नहीं रखने तथा थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने नियमित एवं औचक निरीक्षण पर भी जोर दिया.

मकवाणा ने तकनीक आधारित पुलिसिंग को बढ़ावा देने और अपराधों के पता लगाने तथा मामलों के निराकरण में नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (ह्र्स्न्ढ्ढस्) सहित उपलब्ध तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने को कहा. उन्होंने पुलिस परेड को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता भी बताई.



## कारोबारियों ने नेटवर्किंग पर की चर्चा

बिजनेस नेटवर्क मीट

**भोपाल,17 सितंबर. नर्मदापुरम रोड स्थित में गुरुवार को इनफिनिटी बिजनेस नेटवर्क की ओर से बिजनेस नेटवर्क मीट आयोजित की गई.**

इसमें शहर के करीब 100 व्यवसायी और अलग-अलग क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स शामिल हुए. बैठक में कारोबार बढ़ाने, आपसी सहयोग और नए व्यावसायिक अवसर तलाशने पर चर्चा हुई. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एक्सीलेंसी टाइम एंटरटेनमेंट के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया ने कहा कि कारोबार में केवल अच्छा उत्पाद या सेवा देना ही पर्याप्त नहीं है. ग्राहक का भरोसा कायम रखना और व्यावसायिक संबंधों को मजबूत बनाना भी जरूरी है. उन्होंने व्यवसायियों को स्पष्ट लक्ष्य तय करने, समय का सही इस्तेमाल करने और बदलती जरूरतों के अनुसार खुद को तैयार रखने की सलाह दी. जटिया ने कहा कि नेटवर्किंग के जरिए व्यवसायियों को नए ग्राहक, नए विचार और साझेदारी के अवसर मिल सकते हैं.